आलिया भट्ट को मिली बाहुबली मेकर राजामौली की फिल्म

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बॉलिवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट के साथ इस समय हर कोई काम करना चाहता है, वजह साफ है... उनका स्टारडम और बेहतरीन अदाकारी। आलिया की प्रसिद्धि साउथ फिल्म इंडस्ट्री में भी खूब है। साउथ में हिंदी फिल्मों के दर्शक आलिया को बहुत पसंद करते हैं। खबर है कि साउथ में आलिया के इस स्टारडम को देखते हुए फिल्म बाहुबली के मेकर राजामौली ने आलिया को अपनी एक फिल्म के लिए साइन कर लिया है।

एस एस राजमौली की फिल्म रामा रावणा राज्यम के लिए आलिया भट्ट को मुख्य भूमिका में साइन कर लिया गया है। हालांकि इस बारे में अब तक किसी भी तरह की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। खबरों की मानें तो राजामौली रामा रावणा राज्यम के लिए काफी समय से बॉलिवुड की कई हिरोइन से बात कर रहे थे, उन्होंने कई लोगों को अपनी कहानी सुनाई थी और आलिया ने निर्देशक की कहानी को सुनते ही पसंद भी कर लिया था, लेकिन फाइनल जवाब नहीं दिया था। अब फाइनली आलिया को फिल्म के लिए लॉक कर लिया गया है।

आलिया की फिल्म राजी को साउथ में खूब पसंद किया गया था। हालिया रिलीज़ गली बॉय में भी उनके काम को खूब सराहा गया है। आलिया के लिए साउथ फिल्म इंडस्ट्री में राजामौली जैसे बेहतरीन निर्देशक के साथ काम करने का अवसर भी बड़ा है। राजमौली के निर्देशन में 300 करोड़ के बजट में बनने वाली फिल्म आरआरआर में रामचरण और रामाराव जूनियर मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

रामा रावणा राज्यम नाम से ही जाहिर है कि यह एक पीरियड ड्रामा फिल्म होगी और कहानी 1920 के दौरान की होगी।

इसी फिल्म में अजय देवगन का भी एक खास रोल है। इस फिल्म को हैदराबाद में भव्य सेट लगा कर शूट किया जाएगा। हाल ही में हैदराबाद में ही फिल्म का मुहूर्त भी हुआ था, इस मौके पर बाहुबली प्रभास और राणा दग्गुबाती के अलावा साउथ के कई दिग्गज मौजूद थे।

बता दें, बाहुबली ने भारतीय सिनेमा में कमाई के मामले में कई सारे रिकॉर्ड्स तोड़ दिए हैं और इतिहास रचा है। फिल्म ने दो भागों को मिला कर करीब 2375 करोड़ रूपये का कलेक्शन किया है, जिसमें से दूसरे भाग की कमाई 1725 करोड़ रूपये रही। मंगलवार को आलिया की फिल्म कलंक का टीजर भी लॉन्च हुआ है, फिल्म में अलिया के अलावा वरुण धवन, माधुरी दीक्षित, सोनाक्षी सिन्हा, संजय दत्त और आदित्य रॉय कपूर अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं।

अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने साइन कीं तमिल, तेलुगू फिल्में

अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने दो नई फिल्में साइन की हैं। इनमें एक तमिल है और दूसरी तेलुगू।

वह हिट तेलुगू फ्रेंचाइज राजू गरी गाधी की तीसरी फिल्म में मुख्य नायिका के किरदार में होंगी जिसका निर्देशन ओमकार करेंगे। फिल्म की शूटिंग जून 2019 में शुरू होने की उम्मीद है। फ्रेंचाइज की पहली फिल्म 2015 में और दूसरी 2017 में रिलीज हुई थी। राजू गरी गाधी में समांथा अक्किनेनी और नागार्जुन अक्किनेनी थे।

अपने किरदार के बारे में तमन्ना ने कहा, यह एक महिला-केंद्रित किरदार है और कुछ ऐसा है जो 2019 के लिए मेरी क्रिएटिव विश लिस्ट में है। कहानी ने मुझे वास्तव में उत्साहित किया क्योंकि मैं दो अलग-अलग युगों के दो अलग-अलग किरदारों को निभा रही हूं। इसमें कई परते हैं और टाइम जोन्स के बीच यात्रा करना दिलचस्प होगा।

वहीं, तमिल फिल्म की बात करें तो वह एक बार फिर विशाल के अपोजिट नजर आएंगी। इसका निर्देशन एक नवोदित निर्देशक करेंगे।

अभिनेत्री ने कहा कि इसमें वह ग्रे शेड लिए किरदार में नजर आएंगी।

प्रनूतन बहल को है दादी से तुलना का डर

बॉलिवुड में एक और नया चेहरा इस साल एंट्री करने वाला है। दिवंगत अभिनेत्री नूतन की पोती प्रनूतन बहल फिल्म नोटबुक से डेब्यू करने जा रही हैं। उनके ऑपोजिट डेब्यू कर रहे हैं जबीर इकबाल। इन दोनों ऐक्टर्स को सलमान खान लॉन्च कर रहे हैं।

फिल्म इस महीने के आखिर तक रिलीज हो जाएगी।

जहीर इकबाल फिल्म इंडस्ट्री के लिए न्यूकमर हैं उनका कई फिल्मी बैकग्राउंड नहीं है वहीं प्रनूतन ऐक्टर मोहनीश बहल की बेटी हैं। प्रनूतन को जहां अपने पिता और दादी पर गर्व है वहीं उन्हें अपनी दादी से तुलना को लेकर भी डर है।

वैसे उनकी तुलना शुरू भी हो चुकी है और एक रीसेंट इंटरव्यू में प्रनूतन ने कहा था कि उन्हें नूतन से तुलना होने का डर है। उन्होंने बताया था कि उनकी दादी काफी ग्रेसफुल थीं और वह उनकी बराबरी कभी नहीं कर पाएंगी। प्रनूतन ने यह बताया था कि उनकी तुलना दिवंगत अभिनेत्री से करना ठीक नहीं लेकिन वह इसे कॉम्प्लिमेंट के तौर पर लेती हैं।

हर युवा अभिनेता में सुपरस्टार बनने की क्षमता: राजकुमार राव

बॉलीवुड में अपने संजीदा अभिनय के लिये मशहूर राजकुमार राव का कहना है कि आज की पीढ़ी के हर अभिनेता में सुपरस्टार बनने की क्षमता है। बॉलीवुड में इन दिनों राजकुमार राव ,वरुण धवन, रणबीर कपूर, रणवीर सिंह, आयुष्मान खुराना, टाइगर श्रॉफ और सुशांत सिंह राजपूत जैसे युवा अभिनेता बेहतरीन काम कर रहे हैं। राजकुमार राव से जब पूछा गया कि किस अभिनेता में सुपरस्टार बनने की क्षमता है। राजकुमार राव ने जवाब में कहा , हर युवा अभिनेता में सुपरस्टार बनने की क्षमता होती है। मैं यह कहने वाला कौन होता हूं कि कौन से अभिनेता में सुपरस्टार बनने की क्षमता है या कौन से में नहीं है? मैं वास्तव में खुश हूं कि हम एक उद्योग के रूप में अच्छा काम कर रहे हैं और उसी के कारण हम हर दूसरे अभिनेता से अच्छा प्रदर्शन देखने में सक्षम है।

राजकुमार ने कहा, जब मैं स्क्रीन पर अच्छा प्रदर्शन देखता हूं तो यह मुझे बेहतर काम करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने फिल्म मेंटल है क्या में कंगना रनौत के साथ काम किया है। उन्होंने कहा , मेरा कंगना के साथ काम करने का अनुभव काफी अच्छा था। मुझे लगता है कि वह इस देश की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं।